समाचार : खेलकूद/ क्रिकेट

सार समाचार

मोईन अली इंग्लैंड के उप कप्तान बने

लंदन,भाषा। आलराउंडर मोईन अली को गुरुवार से भारत के खिलाफ ओवल में शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड का उप कप्तान बनाया गया है। जोस बटलर को उनके दूसरे बच्चे के जन्म को देखते हुए पितृत्व अवकाश दिया गया है जिसके बाद मोईन को उप कप्तान बनाया गया। चौंतीस साल के मोईन ने अब तक इंग्लैंड की ओर से 63 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने पांच शतक की मदद से 2879 रन बनाए। उन्होंने 193 विकेट भी चटकाए हैं। कंधे की चोट से उबरने के बाद मार्क वुड चयन के लिए उपलब्ध होंगे जबकि चोट के कारण पहले तीन मैचों से बाहर रहे क्रिस वोक्स की टीम में वापसी हुई है।

जमैका ने बारबडोस रॉयल्स को हराया

बासेटेरे,भाषा। केनार लुईस के तूफानी अर्धशतक से जमैका तालावाह ने मंगलवार को यहां 2021 कैरेबियाई प्रीमियर लीग में बारबडोस रॉयल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे रॉयल्स ने आजम खान की 30 गेंद में 50 रन की आक्रामक पारी की बदौलत आठ विकेट पर 151 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जमैका की टीम ने हालांकि लुईस की 53 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों से 89 रन की पारी और शेमर ब्रूक्स (26 गेंद में नाबाद 47) के साथ उनकी चौथे विकेट की 93 रन की साझेदारी की बदौलत 17.4 ओवर में चार विकेट पर 155 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। लुईस की यह पारी मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने 30 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए थे।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत के शीर्ष बल्लेबाज बने रोहित

दुबई ■ भाषा/डेस्क

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में अपने कप्तान विराट कोहली को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने तीसरे टेस्ट में 19 और 59 रन की पारी खेली जिससे वह एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। उनके कुल 773 रेटिंग अंक हैं जो कोहली से सात अधिक हैं।

कोहली भारतीय बल्लेबाजों के बीच पिछली बार नवंबर 2017 में आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं थे। तब चेतेश्वर पुजारा दूसरे और वह पांचवें स्थान पर थे। पुजारा इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 91 रन बनाकर तीन स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋषभ पंत चार स्थान के नुकसान के बावजूद 12वें स्थान पर चल रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी गेंदबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस के बाद दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। रविंद्र जडेजा और अश्विन ने टेस्ट आलराउंडरों की सूची में भी अपना तीसरा और चौथा स्थान बरकरार रखा है। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर इस सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने भारत के खिलाफ मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत लगभग छह साल बाद एक बार फिर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। तीस साल के रूट ने श्रृंखला की शुरुआत पांचवें स्थान से की थी लेकिन तीन टेस्ट में 507 रन बनाकर वह कोहली, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने अब विलियमसन पर 15 अंक की बढ़त बना ली है।

लीड्स टेस्ट से पहले रूट दूसरे स्थान पर थे। लीड्स में इंग्लैंड की एकमात्र पारी में उन्होंने 121 रन बनाए। रूट ने पिछली बार दिसंबर 2015 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और तब विलियमसन ने उन्हें पछाड़ा था। इसके बाद स्मिथ और कोहली भी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। इन चारों के अलावा पिछली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स नवंबर 2015 में शीर्ष पर पहुंचे थे।

रूट अब अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 917 रेटिंग अंक से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। उन्होंने अगस्त 2015 में नॉटिंघम में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 130 रन बनाकर इस आंकड़े को छुआ था। साप्ताहिक रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स (पांच स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर) और जॉनी बेयरस्टो (दो स्थान के फायदे से 70वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है जबकि डेविड मलान ने 70 रन की पारी खेलकर रैंकिंग में 88वें स्थान पर पुनः प्रवेश किया है। गेंदबाजों में इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शीर्ष पांच में वापसी की है। मैन आफ द मैच ओली रोबिनसन मैच में सात विकेट चटकाने के बाद नौ स्थान के फायदे से 36वें पायदान पर हैं। क्रेग ओवरटन ने दोनों पारियों में तीन विकेट की बदौलत रैंकिंग में 73वें स्थान पर पुनः प्रवेश किया है।

उनादकट ने गेंदबाजी एक्शन में बदलाव किया

दुबई ■ भाषा/डेस्क

इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सत्र की शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ करने वाले राजस्थान रॉयल्स के सीनियर तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने कहा है कि वह यूएई में इस टी20 लीग के बहाल होने पर अपने अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहते हैं लेकिन बदले हुए गेंदबाजी एक्शन के साथ।

आईपीएल के 84 मैचों के साथ रॉयल्स के सबसे अनुभवी गेंदबाज उनादकट ने ब्रेक के दौरान अपनी गेंदबाजी के तकनीकी पहलू पर ध्यान लगाया। रॉयल्स की प्रेस विज्ञप्ति में उनादकट के हवाले से कहा गया, मैंने अपनी गेंदबाजी के कुछ तकनीकी पहलुओं पर काम किया। मैं अपने गेंदबाजी एक्शन में कुछ बदलाव करना चाहता था, इसलिए इस पर काम कर रहा था और इसमें काफी समय लगता है इसलिए मैंने अपना समय इन बदलावों को करने और इनका आदी होने पर लगाया। उन्होंने कहा, मैं अपनी गेंदबाजी पर कुछ काम करना चाहता था और इस दौरान चाहता था कि लोगों का ध्यान मुझ पर नहीं हो। अगर आप अपने लिए और अपने परिवार के लिए समय निकालते हो और दुनिया आपके बारे में क्या कहती है, वह नहीं सुनते तो यह हमेशा अच्छा होता है। उनादकट ने आईपीएल के स्थगित हुए पहले चरण में दिल्ली की टीम के खिलाफ 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे जिसके लिए उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया था।

बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगा भारत

नजरें अजिंक्य रहाणे और रविचंद्रन अश्विन पर टीम प्रबंधन के फैसले पर होगी।

लंदन ■ भाषा/डेस्क

लोड्स में पारी की हार के बाद वापसी की कवायद में जुटी भारतीय टीम गुरुवार को यहां ओवल में जब इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में उतरेगी तो सभी की नजरें खराब फॉर्म से जूझ रहे अजिंक्य रहाणे और सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लेकर टीम प्रबंधन के फैसले पर टिकी होंगी। लाइर्स में प्रेरणादायी जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजी क्रम ने हेडिंग्ले में दोनों पारियों में निराश किया। ओवल में होने वाला यह टेस्ट काफी अहम होगा क्योंकि दोनों ही टीमें इसमें जीत दर्ज करके श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेंगी।

कप्तान विराट कोहली ने कहा था कि लाइर्स की जीत ने अगले टेस्ट में जीत सुनिश्चित नहीं की और हेडिंग्ले में हार का मतलब यह नहीं है कि ओवल में भी यही कहानी दोहराई जाएगी। अभी पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है। भारतीय कप्तान जानते हैं कि उनके बल्लेबाजी क्रम में सब कुछ ठीक नहीं है और उनकी सबसे बड़ी चिंता मध्यक्रम है जिसमें वह, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे तीन दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।

पुजारा ने लीड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 91 रन की प्रभावी पारी खेलकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए लेकिन लाइर्स में दूसरी पारी में 61 रन बनाने वाले रहाणे एक बार फिर नाकाम रहे। पूरी संभावना है कि रहाणे को एक और मौका मिलेगा लेकिन पिछले दो साल में उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है और टीम को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। लोग इससे हैरान हैं कि मेलबर्न में शतक और लाइर्स में अर्धशतक के बावजूद रहाणे आगामी पारियों में आत्मविश्वास से भरे नहीं दिखे और ऐसा नहीं लगा कि वह फॉर्म में वापसी कर रहे हैं।

पांच पारियों में 19 की औसत 95 रन रहाणे की क्षमता को नहीं दर्शाते हैं और सूर्यकुमार यादव जैसे आक्रामक बल्लेबाज या हनुमा विहारी जैसे पारंपरिक खिलाड़ी मध्यक्रम में नयापन ला सकते हैं। रहाणे को अगर बाहर किया जाता है तो विहारी के टीम में जगह बनाने की संभावना अधिक है क्योंकि वह आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। कप्तान कोहली हालांकि दिखा चुके हैं कि सुनील गावस्कर सहित भारत के दिग्गज क्रिकेटरों के सुझाव के बावजूद वह अपनी पसंद की टीम के साथ खड़े हैं। गावस्कर का मानना है कि अतिरिक्त बल्लेबाज खिलाने से मदद मिल सकती है।

सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और लोकेश राहुल (तीसरे टेस्ट में खराब प्रदर्शन किया) के अलावा अन्य बल्लेबाजों की विफलता के बावजूद कोहली ने पांच गेंदबाजों के साथ उतरने के अपने फैसले को बरकरार रखा है। रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में सातवें नंबर पर मुख्य रूप से बल्लेबाज के रूप में खेले हैं क्योंकि वह अश्विन से बेहतर बल्लेबाज हैं।

अश्विन हालांकि इस समय संभवतः दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं जबकि जडेजा तीन मैचों में सिर्फ दो विकेट हासिल कर पाए हैं। ओवल की पिच से पारंपरिक रूप से स्पिनरों को मदद मिलती है और समरसेट के खिलाफ काउंटी मैच में सरे की ओर से छह विकेट चटकाने वाले अश्विन को टीम में मौका मिल सकता है क्योंकि अतीत में वह इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान कर चुके हैं।

चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का कोहली का मोह जगजाहिर है।

वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहे इशांत शर्मा की जगह आलराउंडर की भूमिका निभाने वाले शारदुल ठाकुर को मौका दे सकते हैं। हालांकि यह देखना होगा कि अश्विन को जडेजा की जगह मौका मिलता है कि नहीं। जडेजा की गेंदबाजी में धार की कमी दिखी है।

कप्तान ने इसके अलावा जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी पर काम के बोझ को लेकर भी संकेत दिए हैं। ये दोनों श्रृंखला में अब तक 100 से अधिक ओवर फेंक चुके हैं।

तैराक सुयश नियम उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई

तोक्यो ■ भाषा/डेस्क

भारतीय पैरा तैराक सुयश जाधव ने पैरालंपिक खेलों में बुधवार को यहां निराश किया जब पुरुष 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एसबी7 फाइनल में नियम के उल्लंघन के लिए उन्हें डिस्क्वालीफाई कर दिया गया।

एशियाई पैरा खेल 2018 में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतने वाले जाधव को विश्व पैरा तैराकी के नियम 11.4.1 का पालन नहीं करने के लिए डिस्क्वालीफाई कर दिया गया जिसके अनुसार, स्पर्धा की शुरुआत पर पहली ब्रेस्टस्ट्रोक किक से पहले और प्रत्येक लैप पर मुड़ने के समय सिर्फ एक बटरफ्लाई किक की स्वीकृति होगी।

हालांकि पता चला कि 27 साल के जाधव ने लैप खत्म होने पर मुड़ने के बाद एक से अधिक 'फ्लाई किक' मारी।

ग्यारह बरस की उम्र में करंट लगने के कारण कोहनी के नीचे जाधव के दोनों हाथ काटने पड़े थे। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक कोलंबिया के सेरानो जराटे सोडी ने एक मिनट 12.01 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीता। रजत पदक रूस पैरालंपिक समिति के इगोर इफ्रोसिनिना (एक मिनट 16.43 सेकेंड) और कांस्य पदक आस्ट्रेलिया के ब्लेक कोचरेन (एक मिनट 16.97 सेकेंड) ने जीता।

जाधव सर्दी और गले में खराश के कारण शुक्रवार को अपनी पहली स्पर्धा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले एसएम7 में हिस्सा नहीं ले पाए थे। वह शुक्रवार को 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मुकाबले : क्रिकेट

टेनिस टूर्नामेंट

नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क ■ एपी/डेस्क

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एक सेट गंवाया लेकिन इसके बावजूद डेनमार्क के क्वालीफायर होल्गर विटस नोडसकोव रुने को हराकर मंगलवार को यहां अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। शीर्ष वरीय जोकोविच ने चार सेट चले मुकाबले में 6-1 6-7 6-2 6-1 से जीत दर्ज की। जोकोविच 1969 के बाद कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने की दावेदारी पेश कर रहे हैं। वह इस साल हार्ड कोर्ट पर आस्ट्रेलिया ओपन, क्ले कोर्ट पर फ्रेंच ओपन और ग्रास कोर्ट पर विंबलडन का खिताब जीत चुके हैं। सर्बिया का यह खिलाड़ी अगर यहां खिताब जीत लेता है तो यह उनका रिकॉर्ड 21वां पुरुष एकल ग्रैंडस्लैम खिताब होगा।

छह के चार पूर्व चैंपियन जोकोविच ने हालांकि रुने को हराने के बाद स्वीकार किया कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था।

उन्होंने कहा, यह मेरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक नहीं था। मेरे कहने का मतलब है कि आप हमेशा चाहते हो कि स्टेडियम में मौजूद दर्शक आपकी होसलाअफजाई करें लेकिन यह हमेशा संभव नहीं होता। मेरा ध्यान अपने खेल पर है और मुझे क्या करना है इस पर है।

जोकोविच अगले दौर में नीदरलैंड के 25 साल के दुनिया के 121वें नंबर के खिलाड़ी टेलोन ग्रीक्सपूर से भिड़ेंगे जिन्हें रोजर फेडरर के हटने के बाद टूर्नामेंट में जगह मिली। इससे पहले शीर्ष वरीय महिला खिलाड़ी ऐश बार्टी ने 2010 की उप विजेता वेरा ज्वोनारेवा को 6-1 7-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। बार्टी कोरोना वायरस महामारी के कारण 2020 के अमेरिकी ओपन में नहीं खेली थी और उन्होंने आस्ट्रेलिया में अपने घर पर ही रहने का फैसला किया था। पाउलो कारेना बस्टा को हालांकि पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

उन्हें पेरिस में जन्में अमेरिका के दुनिया के 151वें नंबर के खिलाड़ी मैक्सिम क्रेसी ने 5-7 4-6 6-1 6-4 7-6 से हराया। अमेरिका के ही मैकी मैकडोनाल्ड ने 27वें वरीय डेविड गोफिन को सीधे सेटों में हराया। अन्य मुकाबलों में दो ओलंपिक एकल स्वर्ण पदक विजेता अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सैम क्वेरी को 6-4 7-5 6-2 से शिकस्त दी जबकि स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने अरांत्जा रुस को 6-4 6-4 से हराया।

हीरो आई लीग क्वालिफायर्स 2021 चार अक्टूबर से

कोलकाता ■ वार्ता/डेस्क

मदन महाराज एफसी और हैदर्या स्पोर्ट्स कश्मीर एफसी के बीच बेंगलुरु फुटबॉल स्टेडियम में मुकाबले के साथ आगामी चार अक्टूबर से हीरो आई लीग क्वालिफायर्स 2021 टूर्नामेंट का आगाज होगा। फाइनल मुकाबला 23 को खेला जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। 10 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जिन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच पहली बार खेल रहे मदन महाराज एफसी और हैदर्या स्पोर्ट्स कश्मीर एफसी के बीच होगा जो समूह ए में हैं। ग्रुप बी के मुकाबले एक दिन बाद यानी पांच अक्टूबर से शुरू होंगे जब केरल यूनाइटेड एफसी बेंगलुरु फुटबॉल स्टेडियम में केनक्रे स्पोर्ट्स से भिड़ेगा। टूर्नामेंट प्रारूप के अनुसार ग्रुप चरण में हर दिन दो मैच खेले जाएंगे।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक - F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a)B2/File No.(741) 14-15 JAIPUR Dated - 10/07/2015 के द्वारा श्री शैलेश कुमार बोकड़िया, मैसर्स उत्तम इनर्जाइट, निवासी - सुभाष नगर, नगर विकास कार्यालय के पीछे, भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-कटार (Katar), तहसील-आसीन्द, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L. No.-87/13, क्षेत्रफल 3.0 हैक्टेयर वाले खनिज सेन्डाइट खनन के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

शैलेश कुमार बोकड़िया

अवनि मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन के क्वालीफिकेशन से बाहर

तोक्यो,भाषा। दो दिन पहले पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी निशानेबाज अवनि लेखरा बुधवार को यहां मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। एसएच1 (राइफल) वर्ग में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके ऊपरी अंगों में कोई समस्या नहीं होती लेकिन नीचे के एक या दोनों अंगों में समस्या होती है। अवनि बिलकुल भी लय में नहीं दिखी और 629.7 अंक के साथ निराशाजनक 27वें स्थान पर रहते हुए तीसरे दौर में बाहर हो गई। पुरुष वर्ग में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीय पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू और दीपक कुमार का असाका निशानेबाजी रेंज पर प्रदर्शन और भी अधिक लचर रहा। सिद्धार्थ 625.5 अंक के साथ 40वें जबकि दीपक 624.9 अंक के साथ 43वें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जर्मनी की नताशा हिल्ट्रॉप ने जीता जबकि रजत पदक दक्षिण कोरिया के पार्क जिन्हो और कांस्य पदक यूक्रेन की इरिना शेटनिक के खाते में गया। पैरालंपिक में पदार्पण कर रही 19 साल की अवनि ने इतिहास रचते हुए आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में स्वर्ण पदक के साथ भारत को पैरालंपिक में निशानेबाजी का पहला पदक दिलाया था। उन्होंने 249.6 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अवनि की रीढ़ की हड्डी में 2012 में कार दुर्घटना के दौरान चोट लगी थी।

मलेशिया का गोला फेंक खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतने के बाद डिस्क्वालीफाई

तोक्यो,एपी। मलेशिया के गोला फेंक खिलाड़ी मोहम्मद जियाद जोलकेफली गोला फेंक एफ20 स्पर्धा में मंगलवार को शीर्ष पर रहे लेकिन बाद में उन्हें प्रतियोगिता के लिए देर से पहुंचने के कारण डिस्क्वालीफाई कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के प्रवक्ता क्रेग स्पेंस ने कहा कि जोलकेफली और पदक जीतने में नाकाम रहे दो अन्य खिलाड़ी स्पर्धा के लिए समय पर नहीं पहुंचे थे और उनके विरोध करने के कारण ही उन्हें प्रतिस्पर्धा पेश करने की स्वीकृति दी गई। स्पेंस ने कहा, वे देर से आए थे, देर से आने का जायज कारण हो सकता है और इसलिए हमने उन्हें प्रतिस्पर्धा की स्वीकृति दी और बाद में तथ्यों पर गौर किया। पैरा खेलों की ट्रेक एवं फील्ड स्पर्धा का संचालन करने वाले विश्व पैरा एथलेटिक्स ने कहा कि रेफरी ने स्पर्धा के बाद तय किया कि खिलाड़ियों के समय पर नहीं पहुंचने का कोई जायज कारण नहीं था। इसके बाद खिलाड़ी की अपील को भी खारिज कर दिया गया। जोलकेफली के डिस्क्वालीफाई होने के बाद यूक्रेन के माक्सिम कोवल को स्वर्ण और यूक्रेन टीम के उनके साथी ओलेक्सांद्र यारोव्यी को रजत पदक मिला।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं.	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	निशांत बंसल -17368	2665-2669	265771-266270	500

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 31-08-2021
स्थान: नई दिल्ली